भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2842

12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम-स्वनिधि के अंतर्गत लाभार्थी फेरीवाले

2842. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हरियाणा के सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभान्वित हुए फेरीवालों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत शुरुआत से अब तक कितनी ऋण राशि संवितरित की गई है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत दिए गए ऋणों की चुकौती दर और चूक दर का ब्यौरा क्या है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) फेरीवालों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर इस योजना का क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ङ) क्या इसके प्रभावों का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन या सर्वेक्षण किया गया है और यदि यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) दिनांक 04.12.2024 तक, प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत सोनीपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 17,080 पथ विक्रेता लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। योजना के अंतर्गत सोनीपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लाभान्वित लाभार्थियों का विवरण अनुलग्नक में है।

(ख) और (ग) दिनांक 04.12.2024 तक, पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 13,364 करोड़ रुपए की धनराशि के कुल 94.04 लाख ऋण वितरित किए गए हैं। 94.04 लाख ऋणों में से, 40.17 लाख ऋण चुकाए जा चुके हैं।

(घ) एवं (ङ) इस योजना के प्रभाव का आकलन करने के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा एक अध्ययन किया गया था। अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष निम्नानुसार हैं:

i. जमानत-मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण की बेहतर उपलब्धता।

ii. सड़क विक्रेताओं द्वारा डिजिटल भुगतान को अपनाने में वृद्धि।

iii. पथविक्रेताओं पर वित्तीय बोझ कम होना तथा ऋण पर 7% ब्याज सब्सिडी के माध्यम से उन्हें समय पर ऋण चुकाने के लिए प्रोत्साहित होना।

iv. योजना के 'स्वनिधि से समृद्धि' घटक के माध्यम से योजना लाभार्थियों के लिए वित्तीय समावेशन का लाभ, पेंशन, खाद्य सुरक्षा, मातृ स्वास्थ्य और कल्याण के लाभ प्रदान करने के लिए एक सामाजिक सुरक्षा जाल का निर्माण।

इसके अतिरिक्त, अध्ययनों में पाया गया है कि पीएम स्वनिधि 95% लाभार्थियों के लिए बैंक से लिया गया पहला ऋण था और ऋण का उपयोग उनके व्यवसाय को बढ़ाने, कार्यशील पूंजी की जरूरतों के लिए किया गया था और 10,000 रुपये के पहले ऋण के निवेश से स्ट्रीट वेंडरों को औसतन 20% का मासिक रिटर्न मिला।

*****

दिनांक 12 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2842 के बिंदु (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत सोनीपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लाभान्वित पथ विक्रेता लाभार्थियों का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण

(दिनांक 04.12.2024 तक)

निर्वाचन क्षेत्र का नाम	यूएलबी का नाम	लाभार्थियों की संख्या
सोनीपत	गन्नौर नगर पालिका	1,150
	गोहाना अधिसूचित क्षेत्र परिषद	2,533
	जींद अधिसूचित क्षेत्र परिषद	4,281
	जुलाना नगर पालिका	383
	खरखौदा नगर पालिका	931
	कुंडली नगर पालिका	1,068
	सफीदों नगर पालिका	913
	सोनीपत नगर निगम	5,821
	कुल	17,080

डेटा स्रोत: पीएम स्वनिधि पोर्टल